## छात्राओं को मिला सुरक्षा और स्वाभिमान का मंत्र



**खंडवा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पिपल्यातहार स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों का बोध कराया साथ ही निर्भीक होकर जीवन जीने का सशक्त संदेश भी दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट समकक्ष प्रवीण शर्मा ने बेटियों को समाज की असली शक्ति बताया। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एक शिक्षित और सुरक्षित बेटी ही उन्नत राष्ट्र की नींव रखती है। उन्होंने छात्राओं को %पॉक्सो अधिनियम की बारीकियों को अत्यंत सरल भाषा में समझाया और बताया कि यह कानून उनकी गरिमा और सम्मान का रक्षक है। श्री शर्मा ने छात्राओं का आह्वान किया कि किसी भी असहज स्थिति या शोषण का सामना होने पर वे डरें नहीं, बल्कि तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का उपयोग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

प्रधान पाठक अर्चना निगोले ने बताया कि यह पूरा आयोजन शिक्षिका हर्षा शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जबकि शिक्षिका आकांक्षा जोशी ने मंच संचालन करते हुए बालिकाओं में नया जोश भरा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण %बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संकल्पों से गूंज उठा। यहाँ उपस्थित हर बेटी को यह एहसास दिलाया गया कि उसके सपनों की उड़ान और सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। कार्यक्रम का समापन बालिकाओं के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ हुआ।

## 26 जनवरी को होगी लायन्स प्रांतीय कार्यशाला



**खण्डवा।** लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट,कार्यशाला के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन मनिन्दर सिंघ चंडोक पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व समन्वयक,रणवीर सिंघ चावला, निर्मल जैन व डॉ ईश्वर लाल मूंदड़ा के नेतृत्व में लायन्स डिस्ट्रिक्ट(प्रान्त) स्तरीय लीडरशिप कार्यशाला का आयोजन लायन्स ऑफ खण्डवा द्वारा 26 जनवरी को खण्डवा के श्री दादाजी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित होने जा रहा है।जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि आयोजित डीएलएलआई में लायन्स प्रान्त के सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।लायन्स क्लब खण्डवा, लायन्स क्लब खण्डवा आनंद व लायन्स क्लब खण्डवा ओजस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला के लिए मीटिंग में लिए निर्णय अनुसार कार्यक्रम समन्वयक रणवीर सिंघ चावला कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती, सह संयोजक संजय गंगराड़े व संजना खत्री सहित 20 सदस्यों की आयोजन समिति गठित की गई। रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा ,प्रेरणा दुबे क्लब्स अध्यक्ष आशा उपाध्याय, हरजीत सिंह खरबंदा,रजनी शर्मा,सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल ,गुरजीत सिंह चावला, लिट्टी मैथ्यू,कोषाध्यक्ष पवन लाड़,सुनील गुप्ता,इंद्रजीत कौर के साथ ही गुरमीत सिंह उबेजा, राजीव शर्मा,घनश्याम वाधवा,अविनाश शुक्ला, पवन दीक्षित, आयोजन समिति सदस्य के रूप में आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगे।

## सनातन संस्कृति का पालन अनिवार्य- पं . उपमन्यु



**खंडवा।** शहर के रामनगर में चल रही शिवमहापुराण कथा में वृंदावन से पधारे पं. शबनवारी भाई उपमन्यु ने आधुनिक जीवनशैली और पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण पर चिंता व्यक्त की है। कथा के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आधुनिक वेशभूषा से धर्म की हानि हो रही है। उन्होंने माताओं और बहनों को मर्यादा का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने लोकलाज और संस्कृति की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दे दी, लेकिन कभी अमर्यादित वेशभूषा धारण नहीं की। शास्त्रों का हवाला देते हुए महाराज जी ने कहा कि न्यून वस्त्र और खुले बाल रखने वाली महिलाओं को धर्म-कर्म में पूर्ण अधिकार नहीं मिलता। उन्होंने पर्दा प्रथा को केवल मुगलकालीन मानने के बजाय इसे शास्त्रों में वर्णित मर्यादा का प्रतीक बताया और सभी से सनातन संस्कृति का पालन करने का आह्वान किया।

कथा के दूसरे दिन महाराज जी ने शिव परिवार का उदाहरण देते हुए विषम विचारों वाले लोगों के साथ भी परिवार में सामंजस्य बनाकर रहने की सीख दी। इस अवसर पर उन्होंने चंचला देवी के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा स्थल पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भजनों और जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा, जहाँ श्रद्धालु भक्तिभाव में झूमते नजर आए। आयोजन समिति ने शहरवासियों से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार 27 जनवरी को खंडवा आएंगे

**खंडवा।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार आगामी 27 जनवरी को खंडवा आएंगे तथा जिले के ओंकारेश्वर का दौरा कर नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री परमार 26 जनवरी को रात्रि 11 बजे कटनी से रेल मार्ग द्वारा रीवा राजकोट एक्सप्रेस से प्रस्थान कर 27 जनवरी को सुबह 6ः20 बजे खंडवा आएंगे।

मंत्री श्री परमार प्रातः 9 बजे खंडवा के सर्किट हाउस से ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगे और प्रातः 11 बजे से ओंकारेश्वर के नजर निहाल आश्रम में आयोजित नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## गणतंत्र दिवस समारोह में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह करेंगे ध्वजारोहण

**खण्डवा।** गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉक्टर कुंवर विजय शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मंत्री डॉ. शाह स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड पर आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# आज ओंकारेश्वर में गूंजेगा आस्था का जयघोष

## हेलीकॉप्टर से होगी पुष्पवर्षा



**ओंकारेश्वर।** बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में माँ नर्मदा के प्राकट्योत्सव को लेकर आस्था, उत्साह और भक्ति का वातावरण अपने चरम पर है। माघ शुक्ल सप्तमी के पावन अवसर पर आज नर्मदा जन्मोत्सव पूरी भव्यता और परंपरानुसार मनाया जाएगा। इस अवसर पर संपूर्ण तीर्थ नगरी नर्मदे हर के जयघोष से गुंजायमान रहेगी और श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पलक पावड़े बिछाए तैयार है। जन्मोत्सव का मुख्य आकर्षण दोपहर के समय होने वाला विशेष पूजन और आकाशीय पुष्पवर्षा होगी। ठीक दोपहर 12 बजे विद्वान पंडितों के सानिध्य में माँ नर्मदा का 251 लीटर दूध से महा-अभिषेक किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अलौकिक दृश्य होगा। इस पावन बेला में मध्याह्न के समय हेलीकॉप्टर द्वारा आकाश मार्ग से माँ नर्मदा और वहां उपस्थित हजारों भक्तों पर पुष्पवर्षा की जाएगी, जिससे उत्सव की भव्यता देखते ही बनेगी। इस दौरान जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा और कन्या पूजन कर बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा। उत्सव को व्यवस्थित रूप देने के लिए घाटों की जिम्मेदारी शहर के विभिन्न प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने आपस में बांट ली है। कोटितीर्थ घाट पर मंदिर ट्रस्ट, नागर घाट पर अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट और गोमुख घाट पर जूना अखाड़ा द्वारा विशेष आयोजन किए जाएंगे। इसी प्रकार नवघाट पर नर्मदा युवा संगठन, बर्फानी धाम पर बर्फानी आश्रम, ओमकार घाट पर ओमकार मठ, ब्रह्मपुरी घाट पर नर्मदा रक्षा संगठन, चक्रतीर्थ घाट पर चक्रतीर्थ भक्त मंडल और अभय घाट पर सन्यास आश्रम द्वारा पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण की व्यवस्था संभाली जाएगी। दोपहर के आयोजनों के बाद, शाम 4 बजे माँ नर्मदा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुसज्जित पालकी में सवार होकर माँ नर्मदा नगर भ्रमण करेंगी, जहाँ ढोल-दमकों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भक्त उनका स्वागत करेंगे। संध्या समय माँ नर्मदा के तटों का दृश्य अद्भुत होगा, जब सभी घाटों पर एक साथ विशेष पूजा और कंकड़ा आरती का आयोजन होगा। इस दौरान माँ नर्मदा के जल में सवा लाख दीप प्रवाहित किए जाएंगे, जिससे नदी का जल तारों भरे आकाश जैसा प्रतीत होगा। रात्रि में भव्य आतिशबाजी के साथ उत्सव का समापन होगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि सभी भक्त सुगमता से दर्शन लाभ ले सकें।



## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल संपन्न

**खंडवा।** गणतंत्र दिवस को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल शनिवार सुबह स्टेडियम ग्राउंड पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौडा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन गौड़ा, अपर कलेक्टर के आर बडोले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी एवं महेंद्र तारणेकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए दी कानूनी जानकारी



**खंडवा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को एंजेल प्लेनेट विद्यालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा और नैतिक मूल्यों के दम पर समाज को बेहतर बनाने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेटियों की उन्नति में ही राष्ट्र की उन्नति निहित है और आज विकास के हर क्षेत्र में बेटियां अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने इस मंच से विधिक सहायता की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

शिविर के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह ने छात्राओं को विस्तार से उनके कानूनी अधिकारों और बालिकाओं से संबंधित विशेष प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं और बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी देते हुए छात्राओं को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को रोचक और प्रभावकारी बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालंटियर्स अब्बास अली, अखिलेश सोनी, कल्पना कनाडे और उनकी टीम ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लैंगिक शोषण, कन्या भ्रूण हत्या और घरेलू हिंसा जैसे गंभीर विषयों पर कानूनों की जानकारी दी गई, जिसे उपस्थित जनों ने काफी सराहा।

इस जागरूकता कार्यक्रम में एंजेल प्लेनेट विद्यालय के डायरेक्टर राजेश खत्री, प्राचार्य डोना इम्स, महिला सेल प्रभारी अध्यापिका सहित अन्य शिक्षक और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन बालिकाओं को सशक्त और सजग रहने के संदेश के साथ हुआ।

## मूदी वन क्षेत्र में 120 विद्यार्थियों ने लिया अनुभूति प्रशिक्षण शिविर में भाग



**मूदी।** वन परिक्षेत्र मूदी सामान्य अंतर्गत मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के तत्वाधान में अनुभूति प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन धारीकोटला इको पर्यटन क्षेत्र में किया गया। यह कार्यक्रम वनमंडल अधिकारी खंडवा राकेश कुमार डामोर के निर्देशन एवं उपवन मंडल अधिकारी मानसिंह खराड़ी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में 120 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रकृति, वन्य प्राणी, पर्यावरण संरक्षण, इकोसिस्टम एवं मिशन लाइफ के अंतर्गत प्रो-प्लैनेट पीपल जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। नेचर ट्रेल भ्रमण के दौरान पक्षियों की पहचान कराई गई एवं वृक्ष प्रजातियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## बालाजी धाम कॉलोनी में बसंत पंचमी उत्सव मनाया



**खंडवा।** बसंत पंचमी अवसर पर बालाजी धाम कॉलोनी में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कॉलोनीवासियों ने होली पर्व की औपचारिक शुरुआत करते हुए विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ होली का डांडा स्थापित किया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि यह परंपरा पिछले तीन वर्षों से लगातार निभाई जा रही है, जिसमें सभी रहवासी सामूहिक रूप से भाग लेते हैं। इस आयोजन से धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता भी मजबूत होती है। डांडा गाड़ने के साथ ही कॉलोनी में होलिका दहन की तैयारियां भी प्रारंभ हो गई हैं। आगामी दिनों में लकड़ियां और गोबर के उपले एकत्र किए जाएंगे, जिनसे होली के दिन सामूहिक रूप से होलिका दहन किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलोनी के वरिष्ठजनों, महिलाओं और बच्चों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

## नर्मदा जयंती परविशाल भंडारा भूमि पूजन

**मूदी।** नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर मां नर्मदा मैकलसुता परमार्थ समिति द्वारा मूदी नगर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। साथ ही नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए एक अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन भी किया जाएगा। समिति व क्षेत्र के दानदाताओं द्वारा 15 बाय 75 फीट का भूखंड क्रय किया गया है, जिसका भूमि पूजन कन्याओं द्वारा संपन्न होगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक नारायण पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इसी अवसर पर ब्राह्मण समाज द्वारा नर्मदा जयंती पर प्रातः 9 बजे नर्मदीय से धर्मशाला से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर जुर्माना, मादक पदार्थ तस्करों पर भी शिकंजा

**खंडवा।** जिले में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ एक साथ सघन अभियान चलाया है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले भर में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट, सीटबेल्ट और नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले 82 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस ने इन चालकों से कुल 36,500 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया और नागरिकों से यातायात नियमों के पालन की अपील की। इसके साथ ही न्यायालयीन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विभिन्न थानों द्वारा 9 गिरफ्तारी वारंट और 35 जमानती वारंट तामील कराए गए।

अवैध गतिविधियों पर प्रहार करते हुए जावर पुलिस ने ग्राम कुँदई निवासी जगदीश यादव को 390 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। वहीं, मूंदी, मांधाता और नर्मदानगर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाली चार महिलाओं के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। जुए के खिलाफ कार्यवाही में मांधाता पुलिस ने चार आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से पुलिस ने जिले के 48 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की है।

## नर्मदा जयंती पर घंटाघर चौराहे पर गूंजेगा नर्मदे हर

**खंडवा।** नर्मदा जयंती के पर नर्मदे हर अभियान द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पआस्था के साथ मां नर्मदा जी के जलस्वरूप की भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया आज सायं 6 बजे शहर के प्रमुख घंटाघर चौराहे पर विधि-विधान से संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार, महाआरती के दौरान मां नर्मदा को स्वच्छ, निर्मल और पवित्र बनाए रखने के लिए उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा एक सामूहिक संकल्प भी लिया जाएगा। यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था के साथ-साथ नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागृति फैलाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। महाआरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालु जोड़ों को मां नर्मदा के जलस्वरूप की झारी के विशेष पूजन का अवसर मिलेगा और अंत में महाप्रसादी का वितरण होगा।

## दिव्य बालाजी नगर में लहराएगा जिले का सबसे ऊँचा 51 फीट तिरंगा

**खंडवा।** इंदौर राजमार्ग पर छेगांव माखन में स्थित बालाजी ग्रुप की दिव्य बालाजी नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले का सबसे ऊँचा 51 फीट ऊँचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइज़र रितेश गोयल दने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर दिव्य बालाजी नगर में भव्य आयोजन के साथ तिरंगा फहराया जाएगा, जो देशभक्ति, एकता और क्षेत्रीय गौरव का प्रतीक बनेगा। दिव्य बालाजी नगर बालाजी ग्रुप की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और शानदार कॉलोनी है, जहां भगवान श्री तिरुपति बालाजी की 81 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। प्रतिमा निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही तिरुपति से पाषाण मूर्तियों को लाकर गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। तथा शुभ मुहूर्त में वेद मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान श्री बालजी की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात इस पवित्र स्थल को श्री क्षेत्र के रूप में आम जनता के दर्शन एवं पर्यटन हेतु खोल दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। बालाजी ग्रुप के मुकेश अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणतंत्र दिवस के इस गौरवशाली कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और देशभक्ति के इस पर्व को मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

## गणतंत्र एवं नगर गौरव दिवस का आयोजन

**मूदी।** नगर परिषद मूदी द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के साथ नगर गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर ने बताया कि इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ व प्रतिष्ठित चिकित्सकों का सम्मान किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में डॉ. शांत तिर्की (वरिष्ठ चिकित्सा एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. राधेश्याम देसाई, डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. सुभाष सराफ, डॉ. आयुषी राठौर एवं डॉ. अंजलि पटेल शामिल हैं।

# खंडवा : भगवान देवनारायण की 1114वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई

## मंडलोई बने भक्त मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष



**खंडवा।** गुर्जर समाज के आराध्य भगवान श्री देवनारायण जी की 1114वीं जयंती खंडवा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। नवकार नगर स्थित गुरुकुल फिटनेस पॉइंट में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और बड़ी संख्या में देवभक्तों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का आयोजन सकल गुर्जर समाज महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री दयाराम पटेल, रेवा गुर्जर खंडवा क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम पटेल, गुर्जर छात्रावास अध्यक्ष धरमचंद गुर्जर और वरिष्ठ समाजसेवी प्यारसिंह सूर्यवंशी के विशेष सान्निध्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित देवभक्तों द्वारा आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण जी के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री देवनारायण भक्त मंडल के अध्यक्ष किशोर पटेल ने भगवान के प्राकट्य दिवस और उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को भगवान देवनारायण के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

जयंती समारोह के दौरान भुईफल के सरपंच शगजराज सिंह मंडलोई को श्री देवनारायण भक्त मंडल का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। समाजजनों ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

इनकी रही विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में समाज के प्रमुख लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एनएस चौहान, गोकुल पटेल, रामनिवास पुनासे, सतीश पटेल, मोहन मंडलोई, संतोष करोड़ी, दीपक पटेल, डॉ. मंशा राम गुर्जर, बसंत बागड़ा, दीपक खोरे, गजानंद पटेल, जयपाल केलकर, रामनारायण मंडलोई, हरकचंद गुर्जर, मदन मंडलोई, रमेश मंदवाल, जालम सिंह गुर्जर, प्रेमलाल पंवार और मंशा राम मकवाना सहित अन्य देवभक्त मौजूद रहे।